NBT
नवभारत टाइम्स

लखनऊ: फेल छात्रों को पास कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 180 फर्जी मार्कशीट के साथ 3 गिरफ्तार

Edited By विवेक मिश्रा | Lipi 18 Sep 2021, 10:43 pm

Subscribe YouTube 10M

शनिवार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने फेल छात्रों को फर्जी मार्कशीट देकर पास कराने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 180 फर्जी मार्कशीट और अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

लखनऊ: फेल छात्रों को पास कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 180 फर्जी मार्कशीट के साथ 3 गिरफ्तार

हेमेन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ

लखनऊ की कमिश्नरेट पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शनिवार को फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस के हत्थे चढ़े इस गिरोह के पास से सैकड़ों की संख्या में कई जाने-माने बोर्ड से जारी होने वाली फर्जी मार्कशीट बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह छात्रों को झांसे में लेकर उन्हें अलग-अलग बोर्ड की फर्जी मार्कशीट मुहैया कराता था। जिसके बदले उनसे मोटी

फेल छात्रों को 25 हजार में थमाते थे फर्जी मार्कशीट

शनिवार शाम चिनहट थाना क्षेत्र स्थित फैजाबाद रोड पर चेकिंग के दौरान फर्जी मार्कशीट बनाकर छात्र-छात्राओं के साथ ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने बताया कि शाम चेकिंग के दौरान मनीष प्रताप सिंह, गोविंद अग्रवाल और अमित सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में फर्जी मार्कशीट मिली हैं। तीनों आरोपी गिरोह बनाकर फेल छात्रों का रोल नंबर निकालकर उनसे बात करते थे। फिर उन्हें झांसे में लेकर तकरीबन 25 हजार तक की मोटी रकम वसूलकर अलग-अलग बोर्ड की फर्जी मार्कशीट सौंप देते थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह अब तक 600 से अधिक बच्चों को फर्जी मार्कशीट देकर पास करा चुका है।

अहम दस्तावेज मिले

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से 17 अलग-अलग तरह की मुहर, इंक पैड, फर्जी दस्तावेजों की बिक्री से प्राप्त 28 हजार रुपये, कलर प्रिंटर, भारी मात्रा में इंक, फर्जी प्रमाणपत्र बनाने के लिए 20 गड्डी सादा पेपर, छात्र-छात्राओं के नाम एंट्री करने वाले 42 रजिस्टर और एक फॉर्च्यूनर कार बरामद हुई है। स्टेट बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन, बोर्ड ऑफ हायर एजुकेशन दिल्ली, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल, महाकौशल आयुर्वेदिक बोर्ड जबलपुर, राजकीय इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग लखनऊ यूपी, नेशनल नर्सिंग एन्ड मिडवाइफरी काउंसिल ऑफ इंडिया जैसी प्रतिष्ठित बोर्ड की 180 फर्जी मार्कशीट भी बरामद की गई हैं।